मलावी गणराज्य से भारत आने वाले संसदीय शिष्टमंडल के सदस्यों के सम्मान में आयोजित भोज में माननीय अध्यक्ष का संबोधन

मलावी नेशनल असेंबली की स्पीकर महामहिम कैथरीन गोटानी हारा;

संसदीय शिष्टमंडल के गणमान्य सदस्यगण; तथा

साथी माननीय सदस्यगण,

देवियो और सज्जनो:

मैं भारत की जनता, संसद और अपनी ओर से महामहिम कैथरीन गोटानी हारा और मलावी के संसदीय शिष्टमंडल के अन्य गणमान्य सदस्यों का भारत में हार्दिक स्वागत करता हूँ।

मेरा मानना है कि आपके इस दौरे से हमारे द्विपक्षीय संबंधों को एक नई ऊर्जा मिलेगी। मैं आशा करता हूँ कि भारत में आपका प्रवास सुखद रहा होगा।

महामहिम, भारत के मलावी के साथ वर्षों पुराने संबंध हैं। भारत और अफ्रीका महादेश के देशों के बीच सदियों पुराने और बहुत हार्दिक संबंध रहे हैं। लोकतंत्र की हमारी एक साझी विरासत रही है।

मुझे आशा है कि आपकी इस यात्रा से मलावी और भारत के संसदीय संबंधों को एक नई ऊर्जा मिलेगी। हम चाहते हैं कि हमारी संसदों के बीच और अधिक सहयोग हो, नियमित चर्चा संवाद हो।

अपनी गुणवत्तापूर्ण मेडिकल सुविधाओं के कारण भारत आज विश्व के लिए एक विश्वसनीय मेडिकल हब बन गया है। हम मलावी के लोगों को प्रभावी, विश्वस्तरीय और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

भारत और मलावी के बीच दीर्घकालिक सांस्कृतिक संबंध रहे हैं। मुझे यह जानकर बहुत ख़ुशी हुई है कि मलावी में भले ही भारतीय समुदाय के लोगों की संख्या कम है लेकिन यहाँ रह रहे भारतीयों ने मलावी की प्रगति और समृद्धि में अपना योगदान देकर अपनी प्रभावी उपस्थिति दर्ज कराई है। हम चाहते है कि भारत और मलावी के बीच संबंध निरंतर प्रगाढ़ हो।

संसदीय शिष्टमंडलों के आदान-प्रदान से दोनों देशों के लोगों के बीच आपसी संपर्क को बढ़ावा मिलेगा। लोगों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने में, हम सांसदों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है।

आपकी इस यात्रा से, भारत-मलावी के बीच संसदीय शिष्टमंडलों के आदान-प्रदान को बढ़ावा मिलेगा। मैं आशा करता हूँ कि हमारी मित्रता और आपसी सहयोग में निरंतर वृद्धि होगी।

हमारी द्विपक्षीय संबंधों और पारस्परिक व्यापारिक साझेदारी की पूर्ण क्षमता का उपयोग करने के लिए हमारे द्विपक्षीय संसदीय दौरों के महत्व को ध्यान में रखते हुए मैं आपके सक्रिय सहयोग के लिए आभारी हूँ।

महामहिम, हम भारत में आपके और आपके शिष्टमंडल के सुखद प्रवास की कामना करते हैं।